# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 17 नवम्बर, 2023** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

## थाना सिकन्द्राबाद पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से हुई मुठभेड़, क्रॉस फायरिंग में चोरी की घटना में वांछित 01 अपराधी घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी की 02 L.E.D टीवी व एक बाइक बरामद।

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 17.11.2023 की रात्रि में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम निजामपुर पुलिया के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी कि उसी समय 02 संदिग्ध व्यक्ति एक बाइक पर सवार होकर आते हुए दिखायी दिये जिनको रुकने का इशारा किया गया तो बाइक सवार बदमाश तेज गति से फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो बाइक सवार बदमाशों को दनकौर रोड पर निजामपुर बिजलीघर के पास पुलिस टीम द्वारा घेर लिया गया। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया व 01 अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। जिसकी कोम्बिंग के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1.सुरजीत पुत्र रामजी उर्फ रामदीन निवासी सजवान नगर थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी की 02 L.E.D टीवी व एक बाइक बरामद हुई है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. सुरजीत पुत्र रामजी उर्फ रामदीन निवासी सजवान नगर थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद।

**बरामदगी-**

1. 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस।
2. 02 L.E.D टीवी
3. बिना नम्बर- हीरो स्प्लेन्डर बाइक( चोरी की)

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के चोर/लुटेरे हैं जिन्होने दिनांक 08.11.2023 की रात्रि को सिकन्द्राबाद पुराना जीटी रोड के पास बाबा इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान का ताला तोड़कर 07 L.E.D चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मुअसं-757/23 धारा 380 भादवि में लगातार वांछित चल रहे थे।

**अभियुक्त सुरजीत का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं-1275/19 धारा 60/63 आबकारी अधि0 थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद।
2. मुअसं-350/19 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नोएडा सेक्टर-24 जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. मुअसं-254/19 धारा 342/392/411 भादवि थाना नोएडा सेक्टर-58 जनपद गौतमबुद्धनगर।
4. मुअसं-189/20 धारा 307 भादवि थाना फेस-तृतीय जनपद गौतमबुद्धनगर।
5. मुअसं-451/20 धारा 34/379/511 भादवि थाना फेस-तृतीय जनपद गौतमबुद्धनगर।
6. मुअसं-453/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फेस-तृतीय जनपद गौतमबुद्धनगर।
7. मुअसं-302/23 धारा 380/411 भादवि थाना बीटा- द्वितीय जनपद गौतमबुद्धनगर।
8. मुअसं-173/23 धारा 380/411/454 भादवि थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर।
9. मुअसं-629/23 धारा 380/411/457 भादवि थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर।
10. मुअसं-757/23 धारा 380 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री ऋषिपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।
2. उ0नि0 धर्मेन्द्र बालियान, उ0नि0 अमित सोलंकी।
3. है0का0 विनीत,का0 सतवीर, का0 रोहित, का0 राजकुमार।













**मीडिया सेल बुलंदशहर**